# उत्तर प्रदेश पुलिस

"सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा"

## प्रेस नोटः साइबर क्राइम सेल

दिनांक:06.06.2022 थाना- न्यूआगरा, जनपद आगरा **Fake Loan-Finance**

**फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फाइनेन्स कम्पनी से लोन कराकर मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामान लेकर ठगी करने वाले 03 शातिर साइबर अपराधियों को आगरा साइबर क्राइम सेल व न्यूआगरा पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

शिकायतकर्ता श्री ललित कुमार निवासी ओमनगर, नगला बूढी न्यू आगरा के द्वारा प्रार्थना पत्र श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आगरा महोदय श्री सुधीर कुमार को दिया गया जिसमें बताया कि वर्ष 2017 में फाइनेन्स कम्पनी से EMI पर एक मोटोरोला का फोन लिया था, जिसमें लोन कराने हेतु आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक दिये थे, जिसके बाद वर्ष 2021 में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फाइनेन्सकर्मी की मदद से फर्जी तरीके से दस्तावेजों को Edit करके HDB व अन्य फाइनेन्स कम्पनी से वीवो मोबाइल व एसी ले लिया। जिसकी जांच साइबर सेल आगरा द्वारा की गयी, जांच के दौरान उपरोक्त फर्जी लोन से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर थाना न्यू आगरा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 0176/2022 धारा 420,467,468,471,120 बी IPC पंजीकृत कराया गया।

साइबर क्राइम सेल आगरा द्वारा उपरोक्त पंजीकृत मुकद्दमें में प्राप्त लोन जानकारी के आधार पर मोबाइल नम्बर व बैंक खाता का तकनीकी विश्लेषण कर जानकारी प्राप्त की गयी तथा उनके नाम व पतों को तस्दीक किया गया तो वह सादाबाद हाथरस क्षेत्र के पाये गये, जिसको थाना न्यू आगरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

**कार्यप्रणाली व पूछताछ विवरण -** पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त रविन्द्रपाल उर्फ अन्नू द्वारा बताया कि पंकज कुमार गैंग लीडर है रामनरायण फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराता है। जितेन्द्र समान को ठिकाने लगाने में मदद करता है व लोन दिलवाने का कार्य करता है और जो लोग लोन के लिए दस्तावेज देते हैं उनको रामनारायण व पंकज फोटोशॉप की मदद से Edit कर फर्जी लोन पर सामान ले लेते हैं, जिसको बेच कर पैसा कमाते हैं।

# उत्तर प्रदेश पुलिस

"सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा"

## प्रेस नोटः साइबर क्राइम सेल

थाना- न्यूआगरा, जनपद आगरा

दिनांक:06.06.2022

Fake Loan-Finance

- **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-**

1. रविन्द्रपाल उर्फ अन्नू पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी गांव- ऊंचागांव थाना सादाबाद, जिला हाथरस उ.प्र. | उम्र 29 वर्ष
2. जितेन्द्र कुमार पुत्र विजयपाल सिंह निवासी गांव- ऊंचागांव थाना सादाबाद, जिला हाथरस उ.प्र । उम्र 24 वर्ष
3. पंकज कुमार पुत्र वीरपाल सिंह निवासी- गांव- ऊंचागांव थाना सादाबाद, जिला हाथरस उ.प्र। उम्र 32 वर्ष।

- **बरामदगी विवरणः-**

1. वीवो मोबाइल फोन : 01
2. फेक आधार कार्ड : 01
3. फेक पेन कार्ड : 01

- **वांक्षित-**

1. रामनारायण निवासी एत्माद्दौला आगरा।

- **विवरण पुलिस टीमः -**

**श्री विजय विक्रम सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना न्यू आगरा**
**श्री जितेन्द्र दीक्षित व.उ.नि. निरीक्षक थाना न्यू आगरा**
**उ .नि.श्री सुल्तान सिंह प्रभारी साइबर सेल**
**आ. सनी कुमार, विजय तोमर, व प्रेम नारायन साइबर सेल आगरा ।**